प्रेस विज्ञप्ति

अमेरिकी दूतावास द्वारा आयोजित स्टेम वर्कशॉप पटना के एक केंद्र पर

- पटना में 13–14 फरवरी को होनी है कार्यशाला
- ओहियो स्टेट विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा हासिल करने की जानकारी दी जाएगी

पटना 09 फरवरी 2018। दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास के पब्लिक अफेयर्स सेक्शन के समन्वय में वीमेन इन स्टेम रोड शो प्रोजेक्ट किया जा रहा है। इस रोड शो के तहत नौ कार्यशाला का आयोजन होगा। इस क्रम में टियर–1 श्रेणी के शहर दिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद तथा श्रेणी –2 में शामिल शहर पटना, कर्नूल तथा अलीगढ़ में कार्यशाला का आयोजन होगा।

इस कार्यशाला के माध्यम से लड़कियों तथा युवतियों को विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग तथा गणित (एसटीईएम) के क्षेत्र में अवसर की जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी दी जाएगी कि भारत में प्रोफेशनल इंप्लायमेंट के क्षेत्र में किस तरह से अवसर उपलब्ध हैं। इस कार्यशाला में इस बात की जानकारी भी दी जाएगी कि विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और गणित की पढ़ाई के क्षेत्र में उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने वाले अमेरिकी संस्थानों में क्या अवसर हैं। अमेरिकी शैक्षिक संस्थानों के बारे में भी प्रतिभागियों को बताया जाएगा।

इस कार्यशाला के लक्ष्य–
भारत और अमेरिका के लोगों का आपस में संबंध मजबूत हो। सूचनाओं, अनुभवों और विशेषज्ञता का आदान–प्रदान हो।

लड़कियों और युवतियों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अवसर खासकर विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग तथा गणित के बारे में जागरूक कर आर्थिक विकास और प्रगति के क्षेत्र में सहायता की जाए।

अधिकाधिक भारतीय विद्यार्थियों को अमेरिका में उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए अमेरिकी विश्वविद्यालय के भारत में उपलब्ध एल्यूमिनी से संवाद कराया जाए।

पटना में कार्यशाला का आयोजन फरवरी में कुछ इस तरह आयोजित होगा–
कार्यशाला– 13–14 फरवरी, प्रथम दिन रू12 बजे दिन से शाम साढ़े पांच बजे तक, दूसरा दिनरू सुबह नौ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक।

उम्मीद है कि इस कार्यशाला में अल्पसंख्यक वर्ग व वंचित वर्ग की 35 युवतियां शामिल होंगी। पटना की खुशकिस्मती है कि इस कार्यशाला में डॉ. सुल्ताना एन. नाहर, डॉ. करेन इरविंग और डॉ. अनिल के. प्रधान. जैसे ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ शामिल होने आ रहे हैं। प्रचार्या डॉ. मैरी जैस्सी, पटना वीमेंस कॉलेज मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं।